UNITED FOR A JUST FUTURE

IndustriALL Global Union 3rd Congress
14-15 September 2021

# युवाओं पर इंडस्ट्रीऑंल का संकल्प

## भविष्य युवाओं का है और भविष्य अब है !

कार्य करने वाली ये दुनिया तेजी से बदल रही है और COVID महामारी ने युवाओं के लिए यह हालात और खराब कर दिए हैं। अधिकांश युवा श्रमिक बेरोजगारी, अनिश्चित अनुबंध, न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव का सामना कर रहे है।

ट्रेड यूनियनों में युवाओं की भागीदारी का स्तर बहुत कम है। यूनियनों को इन प्रवृत्तियों को बदलने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि युवा सदस्यों के पास यूनियनों में अपनी इच्छानुसार सक्रिय होने के लिए स्थान और संसाधन हो और नेताओं के रूप में उनकी सक्रियता और विकास के लिए फायदेमंद हो। यह दुनिया भर में ट्रेड यूनियन आंदोलन का भविष्य सुनिश्चित करेगा।

युवा कामगारों के लिए यूनियनों को प्रासंगिक बनाये रखने के लिए, हम यह मांग करते हैं कि:

1. **हम मांग करते हैं कि युवा कार्यकर्ता यूनियनों के निर्णय लेने वाली समितियों का हिस्सा बनें।**

अधिकांश युवा कार्यकर्ता ट्रेड यूनियनों के मूलभूत मूल्यों को साझा करते हैं। और यूनियनों को सभी श्रमिकों के लिए प्रासंगिक और मजबूत बनाने कि लिये युवाओं आवाज को समझना और सुनिश्चित करना होगा। यूनियनों को अपने सभी निर्णयों को लेने के दौरान युवा सदस्यों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करना होगा जिससे युवा कार्यकर्ताओं के निरंतर जुड़ाव हो सके और उन्हें संगठित किया जा सके। उन मुद्दों का भी प्रतिनिधित्व करना होगा जिनका वे अपने कार्य-स्थल और समाज में सामना करते हैं।

2. इंडस्ट्रीऑंल द्वारा युवाओं की भागीदारी में वृद्धि के लिए ठोस साधन बनाये जाये |

इंडस्ट्रीऑंल अपने सभी सहबद्ध यूनियनों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करेंगे ताकि सभी इंडस्ट्रीऑंल गतिविधियों, वैश्विक फ्रेमवर्क कारनामों (GFA) की निगरानी समितियों और निर्णय लेने की संरचनाओं में युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जा सके।

3. **हम युवाओं से अभियान आयोजित करने की मांग करते हैं।**

यदि यूनियनें युवा श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने के बारे में गंभीर हैं, तो इंडस्ट्रीऑल ग्लोबल यूनियन और उनके सभी सहबद्ध यूनियनों के नेतृत्व को ठोस संसाधनों, यथार्थवादी बजट और समय सुनिश्चित कर विशिष्ट अभियानों में समर्थन प्रदान करना होगा। मुख्यतः उन देशों पर ध्यान केंद्रित करना होगा जहां ट्रेड यूनियनों के पास पर्याप्त संरचना या संसाधन नहीं हैं।

4. **हम क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्षमता निर्माण विनिमय कार्यक्रमों की मांग करते हैं।**

विश्व स्तर पर यूनियनों की ताकत बनाये रखने और सभी कार्यस्थलों में युवाओं को संगठन से सम्मिलित और संलग्न रखने के लिये हमें दुनिया भर के सभी युवा कार्यकर्ताओं को एक-दूसरे से जोड़ना होगा। इसके लिये युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम और युवाओ को शैक्षिक अवसर और विचारो के आदान-प्रदान के अवसर देने होंगे जिससे उनमें सीखने की क्षमता और उन्हें यूनियन में शामिल होने के बेहतर तरीके का उत्सर्जन करना होगा।

5. **हम युवा और युवा नारीवादी अकादमी की मांग करते है।**

एक विश्वसनीय नेताओं के रूप में युवा कार्यकर्ताओं और युवा नारीवादियों को तैयार करने के लिए संरचनाओं और पर्याप्त प्रशिक्षण (क्षमता निर्माण) की जरूरत है। इन अकादमियों को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जा सकता है।

6. **हम अपने भविष्य से संबंधित सभी वार्ताओं में युवाओं की भागीदारी की मांग करते हैं।**

युवा द्वारा किये जाने वाले कार्य अक्सर अनिश्चितता जिसमें संविदात्मक असुरक्षा और मजदूरी असुरक्षा का पर्याय बन गया है। हम सभ्य और गुणवत्तापूर्ण नौकरियों की मांग करते हैं जो सभी युवा कामगारों को सुरक्षा और विश्वास के भविष्य की परिकल्पना करने की अनुमति देते हैं और यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि सामूहिक क़रारनामों और रोजगार नीतियों पर बातचीत करते समय युवा कामगारों को शामिल किया जाए।

7. **हम लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने की मांग करते हैं।**

लिंग आधारित हिंसा अभी भी एक वास्तविकता है। यौन उत्पीड़न अभी भी कार्यस्थलों में और हमारे यूनियनों के भीतर भी हो रहा है। हम, । इंडस्ट्रीऑल के युवा, लिंग आधारित हिंसा का विरोध करते हैं ! हम महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान चाहते हैं। हम अपने सभी यूनियनों और कार्यस्थलों में लैंगिक जागरूकता अभियान की मांग करते हैं, और हम यह भी मांग करते हैं कि वे सभी देश आईएलओ कन्वेंशन 190 की पुष्टि करें जहां हम कार्य और प्रतिनिधित्व करते हैं।

8. **हम समान नौकरियां, समान वेतन और समान अधिकारों की मांग करते हैं।**

असमानता के कारण, युवा महिलाओं को अधिक अनिश्चितता, बेरोजगारी और गरीबी का सामना करना पड़ता है। हमें अपने उद्योगों में काम करने वाली युवा महिलाओं की दृश्यता बढ़ाने और युवा महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने की जरूरत है, खासकर उन नौकरियों में, जिनसे उन्हें पारंपरिक रूप से बाहर रखा गया है।

9. **हम उन यूनियनों की मांग करते हैं जहां हर किसी के आवाज और भावनाओं का सम्मान किया जाता है।**

हम इंडस्ट्रीऑल और उनके सहबद्धों में लोकतांत्रिक और समावेशी यूनियन चाहते है जहां यूनियन में किसी भी श्रमिकों के साथ उनके उम्र, लिंग, मूल, यौन अभिविन्यास, जाति, धर्म या संस्कृति के कारण भेदभाव नहीं किया जाता है। हम एक भेदभाव मुक्त दुनिया चाहते हैं।

10. **हम बेहतर वर्क-लाइफ बैलेंस की मांग करते हैं।**

हमारे कार्यो में जलवायु संकट, काम के दुनिया में बड़े परिवर्तन और अनिश्चित रोजगार की वृद्धि, गिग अर्थव्यवस्था और प्लेटफॉर्म कार्यो के वृद्धि का प्रभाव पड़ा हैं। काम की दुनिया अब बदल रही है। अब नई प्रौद्योगिकियां नई संभावनाएं प्रदान करती हैं और हम ऐसा बदलाव चाहते है जिससे हमारे कार्य और जीवन में संतुलन बना रहे और उसमें सुधार हो सके।

11. **हम काम के दुनिया से संबंधित क्षेत्रों में निरंतर और गहन प्रशिक्षण की मांग करते हैं।**

औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं के कौशल को बेहतर और उन्हें निर्णय लेने की जिम्मेदारियां संभालने का अधिकार दिया जाना चाहिये।

12. **हम युवा संचार नेटवर्क की मांग करते है जो कि युवाओं को संगठित करने वाले अभियानों का समर्थन करते है।**

हमारा मानना है कि युवा कार्यकर्ताओ को हमारे यूनियनों में शामिल और संलग्न करने के लिए हमें युवाओ को पर्याप्त जगह प्रदान करना होगा। यूनियनों के सकारात्मक संदेशों, युवाओं को यूनियन में शामिल करने और दुनिया भर के सभी युवा श्रमिकों के लिए यूनियन की प्रासंगिकता को साझा करने के लिये युवा संचार नेटवर्क एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है।

13. हम मानक रोजगार अनुबंध की गारंटी की मांग करते है जिससे दुनिया भर में सभी युवा श्रमिकों के अधिकार सुरक्षित हो।

हम प्रतिगामी श्रम कानून सुधार को अस्वीकार करते हैं जिसके कारण नौकरी और सामाजिक सुरक्षा को खतरा है। इंडस्ट्रीऑल को अपने सभी सहबद्धों के लिये एक प्रेरक शक्ति बनना होगा जिससे बेहतर नौकरी, आय और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने वाले श्रम कानूनो में प्रगतिशील सुधार हो सके।

14. हम अनुभव और ज्ञान के निरंतर प्रसारण का आह्वान करते हैं। हम हर वो चीज को अस्वीकार नहीं करते हैं जो भी हमारे पिछली पीढ़ियों ने हासिल किया है । परंतु इसके अलावा हम ऐसे परामर्श कार्यक्रम चाहेंगे जहां हम अपने नेताओं के साथ खुले तौर पर तर्क-वितर्क और विचार-विमर्श कर सकें।

ऊपर उल्लिखित विषयों को हासिल करने के लिये हम इंडस्ट्रीऑल के सभी सहबद्धों और नेताओं के समर्थन का आह्वान करते हैं। हम आपके साथ मिलकर श्रमिकों की शक्ति को मजबूत और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा में योगदान देना चाहते हैं। इसके लिये हमारे यूनियनों को यह सुनिश्चित करना होगा की यूनियनों के भीतर युवाओ का बेहतर एकीकरण, उनकी भागीदारी और प्रतिनिधित्व को साझा किया जा सके।

हम युवा कार्यकर्ताओं को भी स्वयं के विचारों और अपनी स्थिति को स्पष्टता से परिष्कृत करने की आवश्यकता है। हमारी मांग है की युवाओं के लिये आरक्षित स्थान हो और इसको व्यवहार्य बनाने के लिए उन्हें आवश्यक संसाधन और अधिकार दिया जाना चाहिये। हम क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को स्पष्ट और व्यक्त करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि इस प्लेटफार्म को इंडस्ट्रीऑल के सभी सहबद्धों द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता दी जाए।

इंडस्ट्रीऑल के सभी सहबद्धों को उनके संरचनाओं के गठन और धाराओ पर युवाओ पर उनके कार्यो को प्रतिबिंबित करने के आकलन (ऑडिट) को प्राथमिकता देना होगा और इसकी जानकारी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर देनी होगी।

**<u>सब-सहारन क्षेत्र के लिए</u>**

इंडस्ट्रीऑल यह सुनिश्चित करना चाहते है कि चुनी गई **<u>सब-सहारन</u>** (SSA) युवा समिति को इंडस्ट्रीऑल और उनके सहबद्धों की संरचनाओं में एकीकृत किया जाए जिससे इस समिति का संचालन सुचारु रुप से हो सके और यह भी सुनिश्चित करना होगा की युवा समिति को राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तरों पर स्थापित किया जाये।

इंडस्ट्रीऑल और उनके सहबद्धों को युवा श्रमिकों की क्षमताओं और दक्षताओं को विकसित करने के लिए सुचिन्तित तरीके से सचेत प्रयास करने होंगे जिससे सभी यूनियन गतिविधियों में युवा सक्रिय रूप से शामिल हो सके। उन्हे संघ की निर्णय लेने की प्रक्रिया भी शामिल करना होगा। जहां उपयुक्त हो, सिखने के दृष्टिकोण से युवा प्रतिनिधियों को क्षेत्रीय कार्यकारी समितियों में आमंत्रित करने पर विचार करना होगा।